SANGAMOTSAVA 2023

(The Alumini Meet)

29th April 2023





राष्ट्रीय शान

rashtriyashannews@gmail com

संक्षिप्त खबरें

जीबीयू के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा पूर्व छात्रों के ऑनलाइन समागम का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय शान

ग्रेटर नोएडा। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा पूर्व छात्रों के ऑनलाइन समागम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रविन्द्र कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे । यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एंड अप्लाइड साइंसेज के डीन प्रॉ एन पी मेलकानिया ने मुख्य अतिथि । स्वागत किया एवं भौतिक विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षकों के शिक्षण एवं शोध कार्य की सराहना की। विभागाध्यक्ष डॉ आशीष कुमार केशरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बीए राजनीति विज्ञान की छात्रा मुस्कान ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बीएससी के छात्र मारियो एंटो एवं गरिमा पाण्डेय द्वारा डॉ० विवेक कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन मे समागम में मौजूद सभी लोगों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन किया गया। कुलपति ने कुछ पूर्व छात्रों से वार्ता की एवं भौतिकी के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में, विभाग के पूर्व छात्रों को कुछ चित्र दिखाते हुए उनकी यादें ताजा की गई। इसके बाद पूर्व छात्रों ने बारी झ बारी से अपना परिचय दिया एवं समस्त अध्यापकों को उनके उचित मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया। पूर्व छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी जैसे रोचक खेलो का भी आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्रों ने पूर्व छात्रों से कुछ सवाल पूछे जिनका सरलता से जवाब देते हुए कुछ पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव से सीखते हुए कुछ बाते बताई। डॉ० विवेक कुमार शुक्ला ने कविता के माध्यम से सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया। पूर्व छात्रों में से एक संजीत कुमार एपीएल, दिल्ली) ने नेट परीक्षा में सफलता के कुछ तरीके बताये। अन्य पूर्व छात्रों में अनुज (ताइवान), नितिन (ताइवान), उदय प्रताप, चारु (बरेली), इमरान, आकांक्षा, तृप्ती (बंगलौर), पारुल आदि उपस्थित रहे। गौतम बुद्ध विश्वविधयालय की पूर्व छात्रा पारुल प्रश्नोत्तरी की विजेता रही। सभा के अंत में पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ० विवेक कुमार शुक्ला ने कुलपति, डीन, विभागाध्यक्ष, पूर्व छात्रों, एवं अन्य सभी का धन्यवाद करते हुए समागम समारोह का समापन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ भावना जोशी, डॉ मौसमी, डॉ मनमोहन, डॉ सुधिष्ठ, डॉ मयूरा, डॉ कनिष्का, डॉ आलेश , डॉ महेश, डॉ ज्योति एवं छात्र प्रभात, मयंक, प्रताप,आदि उपस्थित रहे ।

epaper हिन्दुस्तान

जीबीयू में हुआ पूर्व छात्रों का समागम

ग्रेटर नोएडा। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग ने पूर्व छात्रों के लिए ऑनलाइन समागम का आयोजन किया। विवि के कुलपति प्रो रवींद्र सिन्हा ने पूर्व छात्रों से वार्ता की एवं भौतिकी के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किये।

जीबीयू के भौतिक विज्ञान विभाग ने पूर्व छात्रों के लिए ऑनलाइन समागम का आयोजन किया। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एंड अप्लाइड साइंसेज के डीन प्रो एनपी मेलकानिया ने भौतिक विज्ञान विभाग के शोध कार्य की सराहना की।

विभागाध्यक्ष डॉ आशीष कुमार केशरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बीए राजनीति विज्ञान की छात्रा मुस्कान ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान बीएससी के छात्र मारियो एंटो एवं गरिमा पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया गया।

Honourable Vice Chancellor interaction with some alumni and sharing of his experiences in the field of Physics.

Interesting games like quiz were also organized for the alumni.

The current students of the university asked some questions to the alumni.

The alumni of the department were reminded of their memories by showing some pictures.